# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 25.09.2022

दिनांक 26.09.2022 से 04.10.2022 तक जोधपुर शहर में शारदीय नवरात्रा स्थापना उत्सव चामुण्डा माताजी मंदिर मेहरानगढ़ (जोधपुर किला) पर मनाया जायेगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी।

1. किले पर चढने का मार्ग ( एक तरफा ) - समस्त प्रकार के तिपहिया व चारपहिया वाहन नागौरी गेट से किला रोड़ होकर मेहरानगढ की तरफ जायेगें वापस इस रास्ते' से नही उतरेगें।
2. किले पर उतरने का मार्ग ( एक तरफा ) - समस्त प्रकार के तिपहिया व चारपहिया वाहन किले से विद्याशाला मोड़ सूरसागर की तरफ उतरेगे। सूरसागर विद्याशाला की तरफ से कोई वाहन किले पर नही चढेगा।
3. दुपहिया वाहनों के लिए (दो तरफा) - दुपहिया वाहन नागोरी गेट व विद्याशाला सूरसागर दोनो तरफ से किले पर आ व जा सकेगें।
4. मेहरानगढ़ जयपोल के नीचे तलहटी पर समस्त प्रकार के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था रहेगी। तलहटी पार्किंग से ऊपर जयपोल की तरफ वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।
5. मेहरानगढ जयपोल के सामने स्थित अर्द्धचन्द्राकार पार्किंग स्थल पर उपरोक्त अवधि में एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड के अलावा किसी भी प्रकार का वाहन पार्क नही होगा।

(चैनसिंह महेचा)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर